


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 302 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 17 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया

## अच्छी खबर: यूजीसी ने कॉलेजों से मांगा खाली पदों का ब्योरा

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विश्व विद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। नया शैक्षणिक सत्र शुरु होने से पहले विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्व विद्यालयों और कालेजों से शिक्षकों के स्वीकृत और खाली पदों दोनों का ही ब्योरा मांगा है।

विक्रम यूनिवर्सिटी सहित मध्यप्रदेश की यूनिवर्सिटी में लंबे समय से फैकल्टी की भर्ती नहीं की गई है। राज्यपाल ने मार्च 2023 में कुलपतियों को तीन महीने में भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए थे, लेकिन सालभर बाद भी प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी यूनिवर्सिटी में 13 पदों पर पिछले दिनों भर्ती की गई, लेकिन यह भी विवाद में है। नियुक्ति विवाद से बचने के लिए अब कुलपति एंट्री लेवल के पद यानी असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) से कराने की बात कर रहे हैं।

### जिले में लगातार बढ़ रही खेल भावना, लेकिन खेल मैदान का विकास नहीं...

# खेल मैदानों के विकास में गड़बड़झाला..!

## पूरे जिले में नूतन स्टेडियम ही है खेल का स्थान, बाकी सब है मैदान

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सरकारी स्कूलों की स्थिति पर नजर डालें तो अधिकांश स्कूलों में खेल मैदान ही नहीं है। बताते है कि कई स्कूलों में खेल मैदान के विकास में गड़बड़झाला दिखाई देता है। मौके पर जाकर देखा जाए तो कई जगहों पर खाली भूखंड के अलावा कुछ नहीं है उसमें भी ऊबड़ खाबड़ जमीन मिल जाएगी। बताते हैं कि खेल मैदान का निरीक्षण यदि कोई अधिकारी करता है तो संबंधित पंचायत व स्कूल शिक्षा विभाग के कर्ताधर्ता मिलकर मिट्टी व गिट्टी बिछाकर उसे खेल मैदान की शक्ल देते आए हैं। पूरे मामले में खेल मैदान के नाम पर जारी की गई राशि में गड़बड़झाला दिखाता है। यदि सही तरीके से मॉनिटरिंग की जाए तो राज बाहर आ सकते हैं।

जिले में हायर सेकंडरी व हाइस्कूल सहित प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थियों को खेल मैदान मिले, इसके लिए शिक्षा विभाग की जवाबदारी तय है। खेल एवं युवक कल्याण विभाग का भी अपना कार्य है। उधर जिला और जनपद पंचायतों से भी खेल मैदान बनाने संबंधी कार्य होते रहे हैं। सरकारी स्कूलों में खेल मैदान के लिए हर वर्ष एक निश्चित धनराशि विद्यार्थियों से ली जाती है। यह राशि कहां जाती है और कहां खर्च की जाती है, इस संबंध में अते पते नहीं है। खेल मैदान के लिए सभी तत्पर रहते हैं, लेकिन मैदान कहां बनता है, यह विचारणीय प्रश्न बन रहा है। कई कारणों के चलते स्कूलों में खेल मैदान अब तक नहीं बन पाए हैं। जहां बने भी है, वहां मैदान ऐसे हैं, जैसे समझो यहां खाली भूखंड को ऐसे ही छोड़ दिया गया हो।

**कॉलेज खेल मैदान के उन्नयन में रूचि का अभाव!**–जिस तरह से हाल ही में फ्रांस में खेलों का आयोजन हुआ है, जिसमें देश की प्रतिभाओं ने भी दमखम दिखाया है। लेकिन, खेल की दिशा में बात करें तो मंदसौर शहर सहित जिला भी खेलों में किसी से कम नहीं है। यहां खिलाड़ी तक बात हो गई, लेकिन खेल मैदानों की ओर नजर डालें तो स्थिति विपरित है। मंदसौर शहर में एकमात्र नूतन स्टेडियम है, जो वास्तविक खेल का स्थान है। बाकी सब मैदान ही रह गए हैं। दूसरा खेल मैदान पीजी कॉलेज का है, जहां मैदान तो है लेकिन इसका उन्नयन अभी तक नहीं हो पाया है। इस दिशा में किसी का ध्यान भी नहीं गया है, और ना ही कोई ठोस कार्ययोजना बन सकी है। कॉलेज का खेल मैदान वैसे तो ठीकठाक है, लेकिन इसे अच्छा और आधुनिकता की श्रेणी में लाने के लिए नेतानगरी सहित जिला प्रशासन के नुमाइन्दों में भी रूचि का अभाव है। कॉलेज का खेल मैदान एक बड़ा भूभाग वाला है, यदि इसे भी स्टेडियम की भांति डेवलप किया जाए तो शहर को एक और आधुनिक खेल मैदान की सौगात मिल सकती है।

**नूतन स्टेडियम में खेल की राजनीति!**–नूतन स्टेडियम में करोड़ों रूपया खर्च करने के बाद यह मैदान प्रदेश के स्टेडियमों में शुमार हुआ है। लेकिन, यहां खेल की राजनीति होने लगी है। हालांकि, यह राजनीति अभी थम सी गई है। लेकिन बीते वर्षों में जब स्टेडियम समिति में चुनाव होने थे, तब यह स्टेडियम एक तरह से राजनीतिक अखाड़ा सा बन गया था। स्टे लाने तक की नौबत यहां आ गई थी। धीरे–धीरे चुनाव का परिस्थितियां भविष्य के गर्त में चली गई। यहां अभी तक उपाध्यक्ष पद पर कोई आमजन काबिज नहीं है। ऐसे में नूतन स्टेडियम में भी निर्णय मनमर्जी से लिए जा रहे हैं। स्टेडिय परिसर में टेक्सी स्टेंड बना हुआ है, जो हालत नहीं है। वहीं ड्रेनेज सिस्टम की हालत भी बदतर है। बारिश में दुकानों में पानी घुसने की समस्या यथावत बनी हुई है।

**बालागंज स्कूल का खेल मैदान का नहीं हो सका विस्तार**–बालागंज स्कूल यानी कालाखेत का खेल मैदान को मिनि स्टेडियम बनाने के लिए दावे किए जाते रहे हैं, जो वास्तविक में दावे ही रह गए हैं। इस खेल मैदान की सुध लेने वाला कोई नहीं है। खेल मैदान की जमीन की नपती भी यहां वास्तविकता में किए जाने दरकार बनी हुई है। शहर के बीचों बीच यह मैदान होने से यदि बाहरी कोई व्यक्ति यहां आकर देखे तो वह इस खेल मैदान की हश्रता के पीछे कई कारण समझ सकता है। कुल मिलाकर, कालाखेत के इस मैदान का विकास करने में रूचि का अभाव बना हुआ है।

### जमुनिया की राशन दुकान में 17 क्विंटल गेहूं-चावल चोरी, ग्रामीणों ने एक को पकड़ा...

# राशन दुकान में सोता रहा चोर, नहीं उतरा नशा या गुमराहबाजी...

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शामगढ़ थाना क्षेत्र के तहत ग्राम जमुनिया की राशन दुकान में बिती रात्रि में बदमाशों की टीम ने सेंधमारी की। दुकान का ताला तोड़कर बदमाश 17 क्विंटल गेहूं व चावल चोरी कर गए हैं। इधर, एक चोर राशन दुकान में ही सोता मिला। सुबह ग्रामीणों ने ताला टूटने की स्थिति देखकर निन्द निकाल रहे बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। शामगढ़ पुलिस का कहना है कि संदिग्ध का नशा रात्रि में भी नहीं उतरा है। ऐसे में चोरी की वारदात कैसे और किस तरह से रची गई, इस पर परदा डला हुआ है। कुल मिलाकर गुमराहबाजी की स्थिति भी देखने को मिल रही है।

पुलिस के अनुसार जमुनिया गांव में जब शुक्रवार सुबह ग्रामीण उठे तो उन्होंने सरकारी राशन दुकान का ताला टूटा देखा। अंदर झांका तो एक व्यक्ति सोता मिला। ग्रामीणों ने दुकान पर ताला जड़ते हुए संदिग्ध को कैद किया व पुलिस को बुलाकर सौंपा। संदिग्ध चोर का नाम तूफानसिंह बंजारा निवासी आड़वा बताया गया है। आड़वा गांव चंदवासा चौकी क्षेत्र में आता है। राशन दुकान से करीब 10 क्विंटल 34 किलो गेहूं व 6 क्विंटल 65 किलो चावल गायब मिला है। सोयाबीन प्रबंधक करणसिंह पिता जगन्नाथ रावत की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। इधर, खाद्य निरीक्षक को भी बुलाया गया था, जिन्होंने जांच पड़ताल में 17 क्विंटल राशन कम होना आंका है। बताते हैं कि चोर तूफानसिंह व उसके साथी चोरी करने की नियत से आए थे और अन्य साथी माल समेटकर ले गए। इस दौरान तूफानसिंह गहरी नींद में सो गया, जो सुबह तक राशन दुकान में ही सोता रहा। यहां यह बात भी जरूरी है कि जब बदमाशों की टोली एक साथ आई थी तो उन्हें इस बात का आभास क्यों नहं रहा कि उनका साथी तूफानसिंह कहां है। जबकि 17 क्विंटल अनाज चोरी कर ले जाना और उसे किसी वाहन में भरने के समय भी अपने साथी की याद तो आना ही थी। लेकिन, परिस्थिति अनुसार बाकी साथी माल समेटकर चले गए ओर तूफानसिंह को छोड़ गए। पुलिस के अनुसार तूफानसिंह ठीकठाक नहीं बोल रहा है। उसका नशा रात्रि तक नहीं उतरा है। कभी वह रतलाम का रहने वाला बताता है तो कभी ओड़वा का। माना जा रहा है कि वह साथियों को बचाने की फिराक में गुमराह बाजी कर रहा है। वैसे देर शाम तक आरोपी का नशा उतर जाना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं बताया गया।

### नीमच में नपा सीएमओ जब कार्यालय पहुंचे तो कई मिले गैरहाजिर, कटेगी एक दिन की पगार...

# गैरहाजिर कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश, लगाई फटकार

**नीमच, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका सीएमओ महेंद्र वशिष्ठ शुक्रवार को जब नगर पालिका कार्यालय पहुंचे तो कई अधिकारी, कर्मचारी कार्यालय में गैरहाजिर पाए मिले। इसके बाद सीएमओ एक्शन मोड में दिखाई दिए और पूरे नगर पालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण कर डाला। सीएमओ ने प्रत्येक कक्ष और विभाग में जाकर सभी अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थित जांची तो कई अधिकारी कर्मचारी कार्यालय से नदारद दिखाई दिए।

दरसल नगर पालिका कार्यालय खुलने का समय सुबह 10 बजे है। जबकि बंद होने का समय शाम 6बजे तक है। इस दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होकर कार्यालय के कामकाज निपटाने होते हैं। मगर कर्मचारी लापरवाही बरतते हुए अपनी मनमर्जी से कार्यालय पहुंचते हैं। शुक्रवार को सीएमओ ने निरीक्षण कर अधिकारी कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर चेक किया। जिन कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका में हाजिरी लगी थी और कार्यालय में उपस्थित नहीं थे उनकी अनुपस्थिति लगाकर वेतन काटने के निर्देश दिए। जब इंजीनियर ओपी परमार कार्यलय में 10:55 मिनट पर पहुंचे। वहीं सीएमओ द्वारा कर्मचारी से दूसरे कर्मचारियों की जानकारी ली गई तो कुछ कर्मचारियों ने झूठी जानकारी दी। इस पर सीएमओ ने उन्हें फटकार लगाकर कर्मचारी को नोटिस दिया। उन्हें सभी को समय पर उपस्थित होने के हिदायत दी। और कहा कि यदि 10 बजे बाद कोई कर्मचारी आता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण के दौरान नपा कार्यालय अधीक्षक कन्हैयालाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष योगेश प्रजापति, पार्षद पति मोनू लोक्स, पार्षद पति साबिर मसूदी मौजूद रहे।

### बालागुड़ा गांव में हुई वारदात, एसडीओपी सोलंकी व अन्य ने किया मौका मुआयना...

# दो भाईयों के घर चोरों की सेंधमारी, 15 लाख के जेवर व नकदी चोरी

**सीसीटीवी में कैद हुए 6 बदमाश, पुलिस पड़ताल में जुटी**



**पिपलियामंडी, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** गांव बालागुड़ा में बीती रात्रि बावड़ी मोहल्ले में चोर 2 भाइयों के घर का ताला तोड़कर करीब 15 लाख रुपये के जेवर व नकदी चोरी के ले गए। चोर सीसीटीवी में भी कैद हुए। घटना के बाद पुलिस अधिकारी, डॉग स्कवाड एवं एफएसएल अधिकारी भी गांव पहुचे व जांच की।

जानकारी के अनुसार चोरों ने बालागुड़ा निवासी दो भाई सूरजमल व सुरेशचंद्र पोरवाल के यहां चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार के लोग नीचे सोए थे, चोर घर चढ़ाव का ताला तोड़कर अंदर घुसे ओर फिर छत पर बने दोनों कमरों के भी ताले तोड़े। कमरों में रखी सेफ के दरवाजे तोड़े। कमरे में रखा सारा सामान बिखेर दिया। बदमाश करीब 12 लाख रूपये के सोने चांदी के जेवर व 3 लाख रुपये की नकदी ले उड़े हैं। मकान मालिक के अनुसार करीबन चोरी 15 लाख ऊपर की है। दोनों भाइयों को घटना की जानकारी सुबह उठे तब लगी। चोर सीसीटीवी में कैद हुए है, जिनकी संख्या 6 बताई जा रही है। सूचना पर मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी, मल्हारगढ़ टीआई राजेन्द्र कुमार पवार, पिपलियामंडी चौकी प्रभारी रितेश नागर गांव पहुंचे व वारदात की जानकारी लेकर जांच की। सीसीटीवी भी चेक किये। बड़ी चोरी की वारदात के बाद डॉग स्कवाड और एफएसएल अधिकारी भी टीम के साथ मौके पहुंचे व जांच की।

**क्षेत्र के ही हो सकते है चोर...**

एसडीओपी नरेंद्र सोलंकी ने बताया सीसीटीवी फुटेज के अनुसार चोर 6 थे, सभी युवा है। वे खेत के रास्ते बाइक पर सवार होकर वारदात को अंजाम देने आए थे, इसे साफ है कि चोर गांव या आसपास के ही हो सकते है। पुलिस जांच कर रही है।





### सुबह पांच बजे उठे, बाईक से दो बोरी लेकर मंडी आए, इस दौरान बिगड़ी तबियत...

# मंडी में उपज बेचने आए पूर्व सरपंच के पिता की अटैक से मृत्यु

**पिपलियामंडी, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया की कृषि उपज मंडी में लहसुन बेचने आए बुजुर्ग किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे गेट पर एंट्री के लिए बाइक लाइन में लगाकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान बेहोश होकर नीचे गिर गए। साथी किसान उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक पूर्व सरपंच के पिता हैं, जिनके पास 100 बीघा जमीन हैं। बता दें कि घटना पिपलिया कृषि उपज मंडी में शुक्रवार सुबह हुई। यहां नीमच सिटी थाना क्षेत्र के मांगरोल चक गांव निवासी 74 वर्षीय किसान मदनसिंह पिता खुमान सिंह अपनी बाइक से दो बोरी लहसुन लेकर मंडी पहुंचे थे। वे सुबह पांच बजे उठे थे और तैयार होकर लहसुन लेकर आए थे। बताते हैं कि पूर्व में उनका हार्ट का उपचार हुआ था, जिसके बाद वे ठीकठाक हो गए थे।

**बोरी उतारकर रखी और बेहोश हो गए**–मंडी सचिव पर्वत सिंह सिसोदिया ने बताया कि किसान मदन लहसुन लेकर मंडी आए थे। पिछले गेट पर उन्होंने बाइक से उतारकर लहसुन की बोरी साइड में रखी। इसी दौरान वे बेहोश खाकर गिर गए। डॉक्टर ने प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक से मौत होने की आशंका जाहिर की है।

**किसान के पास 100 बीघा जमीन**–मृतक के भांजे दिलीसिंह सिसोदिया ने बताया कि मदनसिंह सिसौदिया का एक बेटा राजेन्द्रसिंह 50 वर्षहै। उनकेपास करीब 100 बीघा जमीन है। परिवार 25 बीघा जमीन पर खेती करता है, बाकी जमीन बंटाई पर दे रखी है। राजेन्द्रसिंह पूर्व सरपंच रह चुके हैं।



## युवक ने जहरीली वस्तु खाई, गंभीर

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नाहर सैयद क्षेत्र निवासी एक युवक ने शुक्रवार को जहरीली वस्तु गटक ली। हालत गंभीर होने पर बड़े अस्पताल में उसे भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार सोहेल पिता शेर खान 24 वर्ष द्वारा जहरीली गोलियां खाई है, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, इसके कारण अज्ञात बने हुए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

### बड़े अस्पताल के डॉक्टरों ने बंगाल की घटना पर जताया रोष...

# डॉक्टरों का प्रदर्शन : एक घंटे तक बंद रही ओपीडी

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पश्चिम बंगाल की महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना और इसके विरोध में प्रदर्शन कर रहे चिकित्सकों के साथ मारपीट के विरोध में मन्दसौर जिला अस्पताल के सभी चिकित्सक शुक्रवार को एक घंटा ओपीडी बंद रखकर हड़ताल पर रहे और बड़े अस्पताल परिसर में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन कर रही डॉ. तरुणा ने बताया कि पश्चिम बंगाल में लेडी डॉक्टर के साथ हुई घटना के विरोध में आज हमने एक घंटा ओपीडी बंद रखकर विरोध दर्ज करवाया है। सुबह हमने मरीजों को देखा था इसके बाद दोपहर 12 से 1 बजे तक विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बंगाल वाली घटना में पीड़ित परिवार को जल्द न्याय मिले और डॉक्टरों की सुरक्षा के कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो यही हमारी मांग हैं।

### झंडावंदन के दौरान विवाद की स्थिति बनने पर कार्रवाई...

# लदूना सोसायटी के संस्था प्रबंधक को हटाया

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा लदूना सोसायटी के प्रबंधक को हटाकर जिलासहकारी बैंक में अटैच किया है। बताया जाता है कि झंडा वंदन को लेकर कोई विवाद की स्थिति बनी थी। इसके बाद मामला सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। जारी आदेश के अनुसार सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफार्म पर वायरल समाचार अनुसार विषय की गंभीरता को देखते हुए श्रीमती रिजवाना मंसूरी को आगामी आदेश तक बैंक मुख्यालय प्रधान कार्यालय मंदसौर अटैच किया जाताहै। उनकी जगह प्रभार मदनलाल प्रजापत को दिया गया है।

### कृषि मंडी में किसानों की उपज भीगी...

# सुबह कुछ देर हुई खंड वर्षा, फिर उमस!

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर शहर में शुक्रवार को खंड वर्षा के रूप में बारिश हुई। जिले में कई जगहों पर बादल छाए थे तो कहीं बारिश हो रही थी। दोपहर में उमस के साथ ही गर्मी का असर महसूस किया गया। हालांकि बादल दिनभर छाए रहे। आज भी जिले के कई स्थानों पर गरज चमक के साथ कहीं हल्की तो कही तेज बारिश का अनुमान है। जिले में अधिकतम तापमान 30 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम जानकारों के मानसून टर्फ की एक्टिविटी फिर शुरू हुई है। आने वाले दो तीन दिन में इसका असर देखने को मिलेगा। जिले में अब तक 21.73 इंच बारिश दर्ज की गई है जो पिछले वर्ष के मुकाबले पौने 7 इंच अधिक है।जिले में आज सुबह तक ओवरऑल 21.73 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है पिछपे वर्ष 16 अगस्त तक 15 इंच बारिश दर्ज हुई थी। इधर चंबल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1300.09 फीट पहुंच गया है।

**मंडी में उपज भीगी**–बारिश के चलते पिपलियामंडी स्थित कृषि उपज मंडी में किसानों की फसलें भीग गई। नीलामी के लिए खुले में फसलें रखी हुई थी। अचानक बारिश से अव्यवस्थाएं सामने आ गई। इसके बाद इसका विरोध भी किया गया। यहां नीलामी का काम बंद कर दिया गया। इसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची।

### यातायात महकमे को पता होता है कि कौन से ट्रक ने शहर में कब इंट्री मारी...

# मिलीभगत से भारी वाहनों के प्रवेश को हरी झंडी!

## बीपीएल चौराहे पर फिर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार हुआ घायल, बनता जा रहा एक्सीडेंट जोन

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** शहर में आम दिनों तो ठीक, त्यौहारों के समय भी यातायात व्यवस्था कंट्रोल से बाहर है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रतिबंध के बावजूद शहर में प्रवेश कर रहे भारी वाहन न सिर्फ यातायात व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं। बल्कि कई दुर्घटनाओं के जिम्मेदार भी बन रहे हैं। एक बार फिर शुक्रवार को बीपीएल चौराहा पर एक बाइक ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। भारी वाहनों से पहले भी कई दुर्घटनाएं शहर में हो चुकी है। लेकिन, इसके बाद भी शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। यातायात विभाग हो या परिवहन विभाग, सभी को भारी वाहनों के प्रवेश की जानकारी है। पुलिसकर्मियों के सामने से ट्रक गुजर रहे हैं। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होना कहीं न कहीं पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े कर रहा है। कहीं न कहीं सेटिंग से यह वाहन शहर में प्रवेश कर रहे हैं।

**बंद पड़े हैं स्वचलित ट्रॉफिक सिग्नल**–महू-नीमच राजमार्ग पर शहर के सबसे व्यस्त बीपीएल चौराहे पर अरसे से ट्रैफिक सिग्नल बंद पड़े हैं। इसके कारण हर समय चौराहे पर चारों तरफ से आने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहन गुत्थमगुत्था होते रहते हैं। शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए 2014 में विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने 6 लाख रूपए स्वीकृत कर ट्रैफिक सिग्नल लगवाए थे। इनका मेंटेनेस ठीक से नहीं होने के कारण सिग्नल चलने से ज्यादा समय तक बंद रही है। 2014 में ही तत्कालीन एसपी मनोहरसिंह वर्मा ने सिग्नलों में सुधार कराया था, कुछ समय सिग्नल चलने के बाद फिर बंद हो गए। वर्तमान में भी लंबे समय से बीपीएल चौराहे के ट्रैफिक सिग्नल बंद हैं। जबकि यह चौराहा एक्सीडेंट जोन में हैं। यहां पिछले वर्ष भी एक युवक की मौत हो गई थी। इसके अलावा प्रतिदिन छुटपुट हादसे वर्ष भर में हुए हैं।

**सकरे मार्गों पर लगता रहता है जाम**–शहर के भीड़–भरे इलाकों में भारी वाहनों के लिए नो इंट्री है। समय बड़े वाहनों के शहर में प्रवेश से अब तक कई हादसे हो चुके है। इन वाहनों के कारण शहर के संकरे मार्गों पर जाम लगता है। धानमंडी व अन्य बाजार में माल लेकर आने वाले ट्रकों से यातायात व्यवस्था तो बिगड़ती है। कई स्थानों पर नो इंट्री के बोर्ड लगाए गए है तथा यातायात पुलिस भी तैनात रहती है उसके बाद भी बड़े वाहनों का आसानी से शहर में प्रवेश जारी है।

**बैंक के बाहर से नहीं हटे वाहन**–गांधी चौराहे से बीपीएल चौराहे की तरफ आने वाले जिला अस्पताल मार्ग पर स्थित एक्सिस बैंक व एचडीएफसी बैंक के बाहर बीच सड़क तक खड़े वाहनों से भी यातायात की समस्या हो रही है। कुछ साल पहले यातायात पुलिस ने इन बैंकों के बाहर खड़े वाहन जब्त करने की कार्रवाई भी की थी। बैंक प्रबंधक ने भी वाहनों को साइड में लगाने के लिए आश्वस्त किया था, लेकिन वर्तमान में यहां वाहन सड़कों तक ही खड़े हैं।



**अघोषित ट्रांसपोर्ट नगर बना मैदान**–इधर एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि शहर का कालाखेत मैदान अघोषित ट्रांसपोर्ट नगर बन चुका है। भारी वाहन धानमंडी में प्रवेश कर रहे हैं तो कई वाहन कालाखेत मैदान में खड़े होते हैं। यहां माल उतारा जाता है।

**एकांकी मार्गों पर नहीं किसी का ध्यान**–यातायात विभाग द्वारा शहर में बनाए गए एकांगी मार्गों का भी सख्ती से पालन नहीं हो रहा है। शहर के मुख्य मार्गों में अधिकतर समय जाम लगने की स्थिति में दयामंदिर रोड, कालाखेत रोड, नेहरु बस स्टैंड के पास एकांगी मार्ग बनाए थे। बावजूद यातायात विभाग नियमों का पालन नहीं करा पा रहा है।

# कांग्रेस ने हल्ला बोल आंदोलन किया, सरकार पर नाकामी का आरोप

## उज्जैन को धार्मिक नगरी घोषित करने और शराब बंदी का प्रस्ताव रखा

**उज्जैन, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामियां गिनाने और अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गृहनगर उज्जैन में हल्ला बोल आंदोलन किया है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंच से उज्जैन को धार्मिक नगरी घोषित करने और शराब बंदी किए जाने का प्रस्ताव रखा।



मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर उज्जैन में कांग्रेस पार्टी ने हल्ला बोल आंदोलन का आयोजन किया। आंदोलन के तहत शहीद पार्क पर हुई सभा में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, उमंग सिंघार जैसे कई दिग्गज नेता शामिल हुए। यहां कांग्रेस दल ने बिगड़ती कानून व्यवस्था, नर्सिंग घोटाला, नीट एग्जाम फर्जीवाड़ा, शिप्रा नदी के प्रदूषित होने और दूसरे मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री को जमकर घेरा। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रदेश में आम आदमी मंहगाई, बेरोजगारी से परेशान है। भाजपा की सरकार प्रदेश में घपले, घोटाले और फर्जीवाडे पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। सभा उपरांत कांग्रेस नेताओं ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ पैदल ही कलेक्टोरेट कोठी स्थित प्रशासनिक कार्यालयों की ओर कूच किया। यहां प्रतिबंध के लिए लगाए गए बैरिकेड को धकाते हुए कांग्रेसी नेता कलेक्टोरेट का घेराव करने बैठ गए। कलेक्टोरेट में प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ता उग्र होने लगे और बैरिकेड के ऊपर चढ़ने का प्रयास किया। इस दौरान कांग्रेसियों और पुलिस के बीच कुछ देर धक्का-मुक्की भी हुई। प्रदर्शन के दौरान पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि महाकाल के पावन नगर में शराब का दोहन हो रहा है। यहां से शराब गुजरात तक जा रही है। मुख्यमंत्री से शहर डरा हुआ है। कांग्रेस ही नहीं भाजपा वाले भी डरे हुए हैं। यहां एससीएसटी या आदिवासी परिवार के साथ अन्याय होता है तो कांग्रेस पार्टी उनके साथ खडी रहेगी। संविधान की बात होगी, कांग्रेस पार्टी खड़ी रहेगी। कार्यकर्ताओं की किसी भी प्रकार से यातना होगी, तो कांग्रेस पार्टी साथ खडी रहेगी।

**बेरिकेडस पर चढकर पटवारी ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन**-प्रशासनिक संकुल को पुरी तरह से बेरिकेडस से घेरा गया था। इस पर आंदोलन कर रहे कांग्रेसियों ने वहां पहुंचकर कुछ देर उठा पटक मचाई और बेरिकेडस पर चढ गए। कांग्रेसियों के डीजे वाहन को मार्ग में ही रोक लिया गया था। इसके चलते आंदोलन में नेताओं की आवाज सूनाई नहीं दे पा रही थी। कांग्रेसियों की नारेबाजी के बीच कुछ देर बाद कलेक्टर नीरज कुमार सिंह संकुल से नीचे आए और एसपी प्रदीप शर्मा और पुलिस बल के साथ बेरिकेडस तक पहुंचे थे। यहां पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बेरिकेडस पर चढकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

## विभागीय प्राचार्य प्रधानाचार्य की बैठक का शुभारंभ

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** विद्या भारती मालवा की योजनानुसार मंदसौर विभाग की तीन दिवसीय प्राचार्य/प्रधानाचार्य बैठक सरस्वती शिशु मंदिर अभिनन्दन नगर में आयोजित हो रही है, जिसमे मंदसौर - नीमच जिले के 22 विद्यालयों से 33 प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य उपस्थित हुए। इस बैठक का शुभारमारंभ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर वंदना के साथ हुआ। बैठक के उद्धघाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रकाश जी धनगर, साथ ही श्री राघवेन्द्र जी देराश्री, केशवनगर एवं अभिनन्दन नगर विद्यालय संचालन समिति प्रो. राजेंद्र सिंह शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र कुमार जी सोहोनी, सरस्वती शैक्षिक विहार संजीत मार्ग के प्रबंधक सुनील जी शर्मा, समिति सदस्य श्री दिनेश जी पालीवाल उपस्थित रहे। अतिथि द्वारा योजना को लेकर मार्गदर्शन दिया गया।

## एमपी नीमच के गीतांश दमामी बने जूनियर मिस्टर उदयपुर

**मनासा, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** राजस्थान के उदयपुर में स्वैग ऑफ राजस्थान के ग्रांट फिनाले में एमपी के नीमच जिले के गीतांश दमामी जूनियर मिस्टर उदयपुर चुने गए। नितिन दशोरा इवेंट द्वारा आयोजित इवेंट में एमपी के गोतांश ने अपनी परफारमेंस से मिस्टर जूनियर उदयपुर का खिताब अपने नाम किया है। यह पहली बार हुआ है की एमपी से कोई कलाकार मिस्टर उदयपुर बना है। एमपी के छोटे से गांव पिपलिया रावजी के गीताँश दमामी ने उदयपुर में आयोजित स्वैग ऑफ राजस्थान द्वारा 10 अगस्त को आडिशन में अपनी परफारमेंस दी थी। जिसमे ग्रांट फिनाले के लिए बेहतरीन प्रस्तुति के लिए सिलेक्ट हुआ था। ग्रांट फिनाले का आयोजन 15 अगस्त को शोभागपुरा अशोका पेलेस में हुआ। जिसमे दो राउंड हुए। इसमें एमपी के गीतांश दमामी मिस्टर जूनियर स्वैग ऑफ राजस्थान सिलेक्ट हुए। बता दे की ग्रांट फिनाले में जूनियर में उदयपुर संभाग से प्रतिभागी के रूप से 70 से अधिक बच्चो ने भाग लिया था। गीतांश ने 15अगस्त को आयोजित ग्रांट फिनाले में ड्रेस कोड और बेहतरीन रैंप के साथ ही डांस की प्रस्तुति दी जिस पर जजेस दीपेश पालीवाल ग्लोरियस वर्ल्ड इवेंट और उनकी टीम ने वोट प्रतिशत के आधार और बेहतरीन प्रस्तुति पर मिस्टर उदयपुर जूनियर सिलेक्ट हुआ। मिस्टर उदयपुर बने। गीतांश ने एमपी और नीमच जिले को गोरांवित किया है। मिस्टर उदयपुर का खिताब अपने नाम करने वाले गीतांश ने कहा की इस उपलब्धि को हासिल करने में सबसे बाद योगदान मेरी मां और पापा के साथ ही मेरी बडी बहन श्रद्धा का है। गीतांश ने कहा की ग्रांट फिनाले में जाने में काफी समस्या थी। मेरे दादा जी सीरियस चल रहे थे। ऐसे में मेरी मम्मी और मेरी बड़ी बहन ने हिम्मत जुटाकर मुझे उदयपुर



लाने की जिम्मेदारी उठाई। और आज उसका परिणाम है की एक गांव का बेटा मिस्टर उदयपुर चुना गया। मुझे उम्मीद है की जोधपुर में होने वाले कांपीटेंशन में पूरे राजस्थान का मास्टर बनू इसके लिए रात दिन मेहनत करुगा। साथ ही मालवा मेवाड का नाम पूरे राजस्थान में हो इसके लिए अगले फाइनल मुकाबले के लिए मैं तैयार हूं। बता दे की गीतांश गांव पिपलिया रावजी का रहने वाला है और पत्रकार बी एल दमामी का बेटा है।

# नपाध्यक्ष ने नपा कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर किया ध्वजारोहण

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर गुरूवार को नपा परिषद मंदसौर के द्वारा विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहरण कार्यक्रम आयोजित किये गये। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर व सभापतिगणों, पार्षदगणों की गरिमामय उपस्थिति में कई स्थानों पर ध्वजारोहण किया। प्रथम कार्यक्रम



सदर बाजार स्थित मण्डी गेट पर हुआ। नपा परिषद के द्वारा उन सभी शहीदों को नमन करने के लिये मण्डी गेट पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने यहां ध्वजारोहण किया इसके बाद उन्होनें धानमण्डी पंप हाउस भवन पर ध्वजारोहण किया। इन दोनों स्थानों पर नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, नपा सभापतिगण दीपमाला रामेश्वर मकवाना, निलेष जैन, रमेश ग्वाला, पार्षद कमलेश सिसौदिया, सुनीता भावसार, माया भावसार, शराफत शेख, गोवर्धन कुमावत, पूर्व पार्षद पं. अरूण शर्मा, समाजसेवी कन्हैयालाल सोनगरा, राजाराम तंवर, पं. रविन्द्र पाण्डेय, शाकिर गढवी, अजीजुल्लाह खान सर, बब्बन युसुफ गौरी, रामेश्वर मकवाना, राकेश भावसार भी उपस्थित थे।

नगरपालिका का मुख्य कार्यक्रम नपा कार्यालय भवन गाधी चौराहा पर हुआ यहां नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर व नपा के अधिकारीणों, कर्मचारीगणों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष नम्रता प्रीतेश चावला, नपा सभापतिगण निर्मला चंदवानी, सत्यनारायण भांभी, निलेष जैन, रमेश ग्वाला, दीपमाला रामेश्वर मकवाना, कौशल्या बंधवार, शांति दिनेश फरक्या, पार्षदगण माया भावसार, बब्बन युसुफ गौरी, सुनीता अशोक भावसार, गोवर्धन कुमावत, दीपक गाजवा, कमलेश सिसौदिया, गरिमा भाटी, शराफत शेख, सुनीता गुजरिया, पूर्व पार्षद खूबचंद पहलवान, रामेश्वर मकवाना, राकेश भावसार, सीएमओ सुधीर कुमारसिंह, समाजसेवी कन्हैयालाल सोनगरा, अजीजुल्लाह सर, राजाराम तंवर, नपा कार्यालय अधीक्षक अजय मारोठिया, कार्यपालन यंत्री पी.एस. धारवे भी उपस्थित थे। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने इस अवसर पर सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और कहा कि आजादी की इस वर्षगांठ पर हम अपनी स्वतंत्रता का महत्व समझे। हम अपने कर्तव्यों का पालन करें। यही सचे अर्थों में राष्ट्रभक्ति होगी।

## पत्रकार दमामी को पितृ शोक, श्री दमामी पंचतत्व में विलीन

**मनासा/पिपलियारावजी, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत पिपलिया रावजी के उपसरपंच एवं नीमच से प्रकाशित दैनिक मालव दर्शन के मनासा ब्यूरो बी.एल.दमामी एवं नरेंद्र दमामी के पूज्य पिताजी नितिन, गितांश के दादाजी भागीरथ जी दमामी का लंबी बीमारी के पश्चात शुक्रवार सुबह दुखद निधन हो गया आपके दुखद निधन के समाचार से गांव पिपलिया रावजी में शोक की लहर छा गई आप एक सहज सरल स्वभाव के धनी थे आपका अंतिम संस्कार गांव पिपलिया रावजी के मोक्षधाम पर किया गया मुखाग्नि आपके पुत्र बी.एल.दमामी और नरेंद्र दमामी ने दी मोक्षधाम पर आयोजित शोकसभा में पिपलिया रावजी के सरपंच प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह भाटी, जिला कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष चन्द्रशेखर पालीवाल, मनासा नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आर सागर कछावा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्याम सोनी, पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष विजय पंवार, वरिष्ठपत्रकार गोपाल जोशी, पत्रकार दिनेश पडाय पंथी, फिरोज गौरी रामपुरा, आयुष भंडारी, सुभाष व्यास, विजय सिंह भाटी, गोपाल जाटव, मोहनलाल नागदा, कुबेर सिंह शक्तावत, किशन टेलर, कन्हैयालाल धनगर, डॉ अनिल जैन, मनीष आर्य, बाबू आर्य, अभय छाजेड़ आदि ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।



## कैलाश मार्ग अम्बेडकर चौराहा पर झंडावंदन

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** 15 अगस्त राष्ट्रीय पर्व पर कैलाश मार्ग व्यापारी संघ की ओर से झण्डावंदन का आयोजन किया गया। व्यापारी संघ के संरक्षक श्री श्याम सेठिया के सुपुत्र श्री दुष्यन्त सेठिया, वार्ड पार्षद श्रीमती सुनीता भावसार, शिक्षाविद् श्री जी.के. व्यास, वरिष्ठव्यापारी श्री रामनारायण भाटोदरा ने झण्डावंदन किया। कौमी एकता की मिसाल दो मुस्लिम बच्चियों ने राष्ट्रगान एवं राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत की। एक बालक अरबाज ने गीत प्रस्तुत किया। श्री सेठिया द्वारा पुरस्कार दिये। टाईल के व्यापारी विजय जी ने भी अपनी ओर से बच्चों को पुरस्कार दिये। कार्यक्रम का संचालन पेन्टर प्रहलाद शर्मा ने किया तथा आभार अशोक परमार ने किया।

## धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** 78 वां स्वतंत्रता दिवस सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान में सामूहिक रूप से पूर्ण देशप्रेम व राष्ट्रभक्ति के भाव हर मन में चैतन्य हुए। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात सैनिक विद्यालय के कैडेटस द्वारा बैंड की धुन पर परेड के साथ तिरंगे को सलामी दी व परिसर के खेल मैदान में सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, कविता, भाषण व नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां देकर भैया बहनों ने देश के प्रति प्रेम व भक्ति भाव प्रकट कर अतिथियों का मन मोह लिया। साथ ही नवनियुक्त छात्रसंघ के पदाधिकारी व सदस्यों को मुख्य अतिथि द्वारा बेज व शेश पहनाकर शपथ दिलाई गई। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि विद्या भारती मालवा प्रांत संगठन मंत्री श्री अखिलेश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे क्षेत्रीय सहमंत्री श्री प्रकाशचंद्र धनगर ने नन्हे भैया बहनों की मनमोहक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात वीर प्रहरियों के कारण ही हम सभी देशवासी अमन और चैन की सांस ले रहे हैं, हमें उनके त्याग और बलिदान को सदैव याद रखना चाहिए।



## हिन्दू युवा वाहिनी महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर भावना लौहार नियुक्त

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** हिन्दू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड़ एवं राष्ट्रीय महासचिव श्री विनीत हिन्दू की सहमति से मध्यप्रदेश प्रभारी चैतन्य सिंह राजपूत ने जिला मंदसौर महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर सुश्री भावना लौहार को नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

# सांसद गुप्ता बने मंदसौर, नीमच व रतलाम जिले की मॉनीटरिंग कमेटी के अध्यक्ष

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता को भारत सरकार द्वारा जारी एक आदेश के तहत तीन जिलों की मॉनीटरिंग कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। भारत सरकार द्वारा जारी इस पत्र के पश्चात मंदसौ, नीमच व रतलाम जिले के समस्त विभागों के विकास कार्य जो सरकार द्वारा चलाएं जा रहे है उन सभी विभागों की निगरानी एवं विभागीय समिक्षा का जिम्मा केन्द्र सरकार द्वारा सांसद सुधीर गुप्ता को सौपा गया है। इसी के तहत राज्य एवं जिला समन्वय और निगरानी समिति द्वारा भारत सरकार की उन सभी वैधानिक योजनाओं, कार्यक्रमों के कुशल और समय पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगी। इसके तहत विभिन्न योजनाओं की निगरानी इस समिति द्वारा की जाएगी। देश के ये महत्वपूर्ण विभाग ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत कार्य करने वाले महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (MGNREGS) दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM, दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौजन्य योजना (DDU-GKY), प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना(PMGSY), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP), प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (PMAY-G), श्यामा प्रसाद मुखजी सर्वन मिशन (SPSRM), ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI), सांसद



आदर्श ग्राम योजना (SAGY), कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY)), परम्परागत कृषि विकास योजना (PKVY), मृदा स्वास्थ्य कार्ड(SHC), ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार (E-NAM), प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) कृषि अवसंरचना निधि योजनाएँ, कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी योजना, कृषि क्लिनिक और कृषि व्यवसाय केंद्र योजना), किसान कॉल सेंटर (KCC), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना प्रति कुंद अधिक फसल (PMKSY-PDMC), पंचायती राज मंत्रालय के अंतर्गत गांवों की आवादी का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में उचत प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (SVAMITVA), राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA), आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय के अंतर्गत अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 (AMRUT 2.0), प्रधानमंत्री आवास योजना (सभी के लिए आवास-नहरी), स्वला भारत मिशन शहरी, स्मार्ट मिटी मिलन, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के अंतर्गत कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन कार्यक्रम), त्वरित सिंचाई नाभ कार्यक्रम (AIBP), जन निकायों की मरम्मत, नवीनीकरण और पुनरुद्धार, सतही लघु सिंचाई (SMI), पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम (NAIP), राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM), राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM), देवरी विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास योजना, बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ (BBBP), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महिला संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण 1.0, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण 2.0 (SBM-G 2.0), जल जीवन मिशन (गगच), भूमि एवं संसाधन विभाग के अंतर्गत डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम 2.0, शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत प्रधान मंत्री पोषण शक्ति निर्माण-प. म. पोषण (मध्याहन भोजन योजना), समग्र शिक्षा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्वला योजना 2.0, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के अंतर्गत प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत राजमार्ग जैसे बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्यक्रम: परिवाहन, खान मंत्रालय के अंतर्गत प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री आदर्जग्राम: योजना, विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत सुगम्य भारत अभियान एक्सेमिविनिटी इंडिया अभियान, विशिष्टविकलांगता आईडी, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत प्रधान मंत्री रोजगार मुजन कार्यक्रम, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, जहाजरानी मंत्रालय के अंतर्गत जलमार्ग जैसे बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्यक्रम: जल मार्ग विकास परियोजना, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत डिजिटल इंडिया सार्वजनिक इंटरनेट एक्सेन कार्यक्रम प्रत्येक ग्राम पंचायत में सामान्य सेवा केंद्र प्रदान करना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, वाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का कार्यान्वयन, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अंतर्गत प्री-मैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति, एमसीएम छात्रवृत्ति, युवा मामले और खेल मंत्रालय के अंतर्गत खेलो इंडिया, कपड़ा मंत्रालय के समर्थ योजना एवं श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत ई-श्रम पोर्टल सम्मिलित है। इनके सहित वे सभी कार्य जो शासकीय योजनाओं के द्वारा संचालित किए जा रहे है उन सभी कार्यो की गुणवत्ता और समय सीमा का कार्य सांसद की अध्यक्षता में देखा जाएगा।

## जिला भाजपा कार्यालय पर हुआ ध्वजारोहण



**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिला भाजपा कार्यालय पर 15 अगस्त को भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने सांसद सुधीर गुप्ता, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर की गरिमामयी उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा आज हम सब देशवासी 78 वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। हमारे देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिए कई वीरों ने अपने प्राणों की आहुति दी। हमें अपने देश की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए एकजुट रहना होगा। हमें अपने देश के विकास में योगदान देना चाहिए। हमें अपने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना चाहिए। ध्वजारोहण के इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति डॉ.सुषमा आर्य, मुकेश काला, भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह आंजना, भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, सांस्कृति प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक रिप्पी चावला, भाजपा जिला उपाध्यक्षगण राजेश नामदेव, राजेश पालीवाल, वरिष्ठ नेता पारस मावर, जिला कोषाध्यक्ष राजु चावला, जिला सह कोषाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री शांता वेद, भाजपा जिला कार्यालय मंत्री अंकित सोनी, जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन, जिला सह मीडिया प्रभारी सुभाष गंगवाल, मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता, विजय गुर्जर, प्रकोष्ठ जिला संयोजकगण पुलकित पटवा, विनय दुबेला, अरूण शर्मा, कपिल भंडारी, आशीष गौड़, भाजपा मंडल अध्यक्षगण अरविंद सारस्वत, ईश्वरसिंह पंवार, विजय सुराणा, मोर्चा जिला महामंत्री बंटी चौहान, अजीजुल्लाह खान, दलपतसिंह डांगी, राजाराम तंवर, सुनील योगी भगवान सिंह शक्तावत, रानु भावसार, भारती पाटीदार, दीपक गाजवा, ईश्वरसिंह चौहान, शहजाद पटेल, राकेश भावसार, विद्या कडोतिया, गोर्धन कुमावत, कमलेश सिसौदिया, अमन फरक्या, अर्चना गुप्ता, गरीमा भाटी, किरण मंडोवरा, ज्योतिप्रकाश जाजपुरीया, बंशी राठौर, हितेन्द्र भाटी, हेमंत सोलंकी, अरविंद नवले, शिवलाल गुर्जर, बादल शर्मा सहित कई पदाधिकारीगण, पार्षदगण कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।


# कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/1065/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक- 12.08.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुरेन्द्रसिंह पिता कुशालसिंह चौहान निवासी गरड़ा, तहसील शामगढ़, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 06.08.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 16.09.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | शामगढ़ | आगर | 1437 | 1.500 हे. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 16.09.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-15033/2024 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।

# कार्यालय प्रमुख अभियंता

जल संसाधन विभाग, भोपाल

ई-मेल-ce.tender.wrdmp@gmail.com फोन-0755-2767635, फैक्स-0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-1087/2024-25/प्रमुख अभियंता/ई-टेण्डरिंग भोपाल, दिनांक- 12.08.2024

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर दिनांक 09.09.2024 को 17.30 बजे तक क्रय/ डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

| स.क्रं. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रु. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_WRD_361215 | **टर्न की पद्धति पर:** खेजड़िया बैराज कम कॉजवे (गेट सहित) का संपूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | शाजापुर | 199.79 |
| 2 | 2024_WRD_361217 | **टर्न की पद्धति पर:** कुण्डालिया तालाब एवं मालवन तालाब (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | बड़वानी | 959.03 |
| 3 | 2024_WRD_361219 | मोहनपुरा परियोजना की दायी तट तहर प्रणाली में डी.आई एवं एच.डी.पी.ई. पाईप लाईन शिफ्टिंग का कार्य। | राजगढ़ | 55.09 |
| 4 | 2024_WRD_361220 | बण्डा सिंचाइाई परियोजना के डूब से प्रभावित पुर्नवास स्थल ग्राम पनारी में नवीन विद्युतीकरण का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित। | सागर | 74.26 |
| 5 | 2024_WRD_361222 | **टर्न की पद्धति पर:** ढाबा बैराज योजना का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | मंदसौर | 298.05 |
| 6 | 2024_WRD_361223 | **टर्न की पद्धति पर:** सेमली बैराज योजना का निर्माण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | मंदसौर | 260.25 |
| 7 | 2024_WRD_361224 | बाण सागर त्योंथर उद्वहन सिंचाई योजना हेतु स्थापित 3 नग साफ्ट स्टार्टर का मरम्मत कार्य। | शहडोल | 25.81 |
| 8 | 2024_WRD_362421 | स्टोर कैम्पस के टेरेक्स डम्पर सेक्शन, एच.एम. शॉवेल स्स्टोर सेक्शन, डी-8के डोजर, सिस्नोपेक्टर, एनटी-5 इंजन साईड, एनएच-220 इंजन साइड एवं एनआरटीओ-6 इंजर साइड के स्पेअर पार्ट्स की नीलामी का कार्य | शहडोल | 20.07 |
| 9 | 2024_WRD_362422 | मोहनपुरा बांध पर 2 वर्ष हेतु सशस्त्र वर्दीधारी कुशल सुरक्षा गार्ड प्रदाय करने का कार्य | राजगढ़ | 105.48 |
| 10 | 2024_WRD_362423 | **टर्न की पद्धति पर:** माचक उपनहर की चैन क्रं.5से26 तक सी.सी.जी.एम. लाईनिंग निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | हरदा | 214.96 |
| 11 | 2024_WRD_362424 | बांध सुरक्षा संगठन के कार्यालयीन उपयोग हेतु स्वारा भवन का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्य | भोपाल | 57.75 |

G-15005/24 अफवाहों पर न दें ध्यान, टीका लगवाकर बचायें जान। मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

# कार्यालय नगर परिषद मनासा, जिला-नीमच (म.प्र.)

क्रमांक - 2425 दिनांक-16.08.2024

## द्वितीय ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा सभा अधिकृत एवं पंजीकृत ठेकेदार/सप्लायर/फर्मो को निम्न वर्णित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| ऑनलाईन टेण्डर क्रं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_UAD_352204_2 | नगर परिषद मनासा द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए क्रय की जाने वाली लोहा मटेरियल सामग्री | 10.00/- लाख | 10000/- | 2000/- | वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु |
| 2024_UAD_352248_2 | नगर परिषद मनासा द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए क्रय की जाने वाली निर्माण सामग्री | 10.00/- लाख | 10000/- | 2000/- | वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

डॉ. सीमा अजय तिवारी, अध्यक्ष, नगर परिषद मनासा | किशोर जोलान्या, उपाध्यक्ष, नगर परिषद मनासा | श्रीमती निर्मला नरेन्द्र मारु, लोक निर्माण सभापति, नगर परिषद मनासा | रितेश पाटीदार, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद मनासा





# जिलेभर में उत्साह से मनी स्वतंत्रता की 77वीं सालगिरह

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** 15 अगस्त को देश की आजादी की 77 वीं सालगिरह पूरे जिले में हर्षोल्लास व समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम नगर के राजीव गांधी महाविद्यालय के क्रीडा परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के मुख्य अतिथि जिले की प्रभारी मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश शासन की मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने राष्ट्र ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर देश की प्रगति के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे भी हवा में मुक्त किये।

मुख्य अतिथि एवं प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने मुख्यमंत्री जी के जनसंदेश का वाचन किया। अपने जनसंदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मेरे प्रिय भाइयो और बहनो, 78वें स्वतंत्रता दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और मंगलकामनाएँ। आज का पावन दिन भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले वीरों, राष्ट्रभक्तों और स्वतंत्रता सेनानियों के पुण्य-स्मरण का अवसर है। प्रशासन जनोन्मुखी हो, नागरिक विकास और सामाजिक सद्भाव में भागीदार बनें, गरीबों के कल्याण की योजनाएँ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचें, ऐसी व्यवस्था बनाने के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। मध्यप्रदेश समृद्ध हो, साक्षर हो, स्वस्थ हो, सबसे आगे हो, सबसे न्यारा हो, सबसे खुशहाल हो। शांति का टापू हमारा प्रदेश विकास का टापू बने, खुशहाली का सागर इसके पैर पखारे और तरक्की आरती उतारे, यही कामना है। स्वतंत्रता का सूरज हमसे कहता, सब मिलकर दीप जलाएँ अंधेरे को हराने का प्रण लें, नवयुग का निर्माण कराएँ।एक बार पुन: सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाई। जय हिन्द-जय मध्य प्रदेश। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। पीजी कॉलेज के क्रीडा परिसर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष, जिला पुलिस बल महिला, होमगार्ड, सीनियर एनसीसी डिवीजन पुरुष, सीनियर एनसीसी डिवीजन महिला, जूनियर डिवीजन बॉय सेंट थॉमस, जूनियर डिवीजन गर्ल्स उत्कृष्टविद्यालय, जूनियर डिवीजन बॉय उत्कृष्ट विद्यालय, जूनियर डिवीजन हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2, उत्कृष्ट विद्यालय स्काउट गाइड, महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय गाइड, जूनियर रेड क्रॉस, शा. गर्ल्स हाई सेकेंडरी स्कूल बालागंज, सीएम राईस स्कूल गर्ल्स शौर्यदल प्लाटून्स द्वारा आकर्षक परेड की गई। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को भी मुख्य अतिथि एवं प्रभारी मंत्री, कलेक्टर व अन्यं अतिथियों ने पुरूस्कार प्रदान किये।कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार सीएम राइज महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय को दिया गया। द्वितीय पुरस्कार श्रीनाथ इंटरनेशनल स्कूल रिच्छा बच्चा एवं तृतीय पुरस्कार एडिफाय स्कूल मंदसौर को प्रदान किया गया। शानदार परेड प्रदर्शन करने वाले को पुरस्कार प्रदान किया गया। परेड प्रदर्शन में सीनियर वर्ग में प्रथम जिला महिला पुलिस बल, द्वितीय एनसीसी सीनियर डिविजन गर्ल्स एवं तृतीय पुरस्कार एनसीसी सीनियर डिविजन बॉयज को दिया गया। जूनियर डिवीजन में प्रथम एनसीसी जूनियर डिविजन गर्ल्स उत्कृष्ट स्कूल, द्वितीय एनसीसी जूनियर डिविजन बॉयज शा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 एवं तृतीय पुरस्कार सीएम राइज महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय गाइड डाल को दिया गया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री व कलेक्टर ने समाजसेवी व अन्य शासकीय सेवकों को सम्मानित किया। साथ ही उल्लेखनीय सेवा प्रदर्शन करने वाले शासकीय सेवको को भी प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना में पिक काउंटिंग करने वाली महिला कर्मचारियों को सम्मानित प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन श्री जयंत कुमार जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंदसौर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री सुधीर गुप्ता, राज्यसभासांसदश्रीबंशीलालगुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, पूर्व मंत्री श्री कैलाश चावला, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसौदिया व श्री नवकृष्ण पाटिल, श्री नानालाल अटोलिया, श्री मदनलाल राठौर, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनन्द, सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सोलंकी, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण, न्यायाधीशगण, पार्षदगण व मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

# अखंड भारत संकल्प दिवस के उपलक्ष्य में विशाल मशाल यात्रा सम्पन्न



**दलौदा, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** हिंदू जागरण मंच के तत्वावधान में अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर विशाल मशाल रैली का आयोजन हुआ मशाल रैली कृषि उपज मंडी स्थित कण कण बालाजी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते होए दलौदा चौपाटी पहुंची मशाल यात्रा का समापन चौपाटी पर हुआ जहा स्टेशन रोड पर बौद्धिक हुआ जिसमे प्रांत कार्यकारणीय सदस्य हिंदू जागरण मंच श्री नेपाल सिंह डोडिया का उद्बोधन प्राप्त हुआ जिसमे डोडिया ने प्राचीन अखंड भारत तथा वर्तमान की समस्याएं एवं भविष्य के भारत की परिकल्पनाओं के बारे में बताया।बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के ऊपर अत्याचार के विरुद्ध में बांग्लादेश के इस्लामिक कट्टरपंथी को जमकर निशाना साधा। भारत माता कि आरती के साथ समापन हुआ।कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी श्री नेपाल सिंह , श्री भगवान सिंह चौहान अधिवक्ता , संतोष राव भगतसिंह एकेडमी संचालक, श्री विकास चौधरी जिला सह संयोजक, राजेश नोगिया जिला नगर संयोजक मंदसौर , खंड संयोजक गणपत राठौर , खंडसह संयोजक अशोक पाटीदार हिंदू जागरण मंच की समस्त खंड कार्यकारणी के कार्यकर्ता उपस्थित थे एवम मातृशक्ति के साथ साथ अन्य संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता एवं हिंदू समाज के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान दलोदा थाना पुलिस के जवान मशाल जुलूस के साथ चल एवं ट्रैफिक व्यवस्था संभाली।

# जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक जैन ने जिला कांग्रेस कार्यालय पर फहराया तिरंगा

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौराहा गांधी भवन पर आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । जिला मुख्यालय पर आयोजित समारोह में स्वतंत्रता दिवस पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन द्वारा तिरंगा फहराया गया वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी का जिला वासियों के नाम संदेश का वाचन भी किया।



इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक विपिन जैन ने कहा कि वर्तमान देश के हालात को देखते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए कांग्रेस जन हमेशा तैयार रहे । इस देश की आजादी में हमारे कई क्रांतिकारी नेताओं,कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया हे । इससे पहले शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर के नेतृत्व में कांग्रेसजनो द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। समापन पर गांधी चौराहा पर झंडा वंदन किया गया । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन,पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल, पुष्पा भारती,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी महेंद्र सिंह गुर्जर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख,जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री कांतिलाल राठौर, तरुण खींची, सुरेंद्र कुमावत, मनजीत सिंह टूटेजा,अजय लोढ़ा, खलील पठान,राजनारायण लाड , राजेश फरक्या,विनोद शर्मा ,डीगपाल सिंह भाटी,साबिर इलेक्ट्रीशियन माजीद चौधरी ,विश्वास दुबे, हाजी रशीद, आसिफ छिपा, कैलाश पटोला, गोविंद सुरा,रमेश् सिगार् ,अनूप जोशी, सकलेन करार्,सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवड़ा, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठजिला अध्यक्ष यूनुस मेव, मंदसौर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी, मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दसोरा,महिला नेत्रियों में श्रीमती अंजू तिवारी सुनीता बंडी ,अनीता भदोरिया, वर्षा सांखला ,नेहा कनकमल जैन शहर ब्लॉक कार्यवाहक अध्यक्ष अंबालाल हिंगोरिया ,सलीम खान ,घनश्याम कुमावत, मंडलम अध्यक्ष में सर्वश्री रमेश बिजवानी, अजय सोनी ,अजय मारू, दशरथ सिंह राठौड, शुभम कुमावत, सेक्टर अध्यक्ष में सर्वश्री महेश गुप्ता, प्रीतम पंचोली,अकरम खान, घनश्याम लोहार,ईश्वर भावसार ,सादिक गोरी, विजय सिसोदिया ,आबिद मेव,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठके नगर अध्यक्ष साबिर हुसैन मदारी,एनएसयूआई के नगर अध्यक्ष सम्यक जैन आईटी सेल अध्यक्ष योगेंद्र गौड़, साथ ही इस अवसर पर मांगीलाल भाटी,राजेंद्र सेठिया, राजेश सोलंकी ,घनश्याम चौहान, महेश आर्य, सुनील गुप्ता,आमिन् खान् ,भेरूलाल कुमावत, गणपत मान्डेला,शैलेंद्र मारोठिया,प्रदीप कुमार बड़ोलिया ,अक्षय सेठिया,राजेश चौधरी, मोहनलाल कुमावत, दीपक बसेर, बाबूलाल चौधरी ,योगेंद्र सिंह नारंग ,गोपाल बंजारा,सोहेल कुरेशी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजनारायण लाड़ एवं रमेश ब्रिजवानी ने किया, आभार मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने माना।

## वैदिक विद्यालय एवं आर्यसमाज में हर्षोल्लास के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** वैदिक विद्यालय एवं आर्यसमाज मंदसौर द्वारा आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रात: ध्वजारोहण पश्चात् बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किये। साथ ही देशभक्ति गीतों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर आर्य समाज अध्यक्ष श्री मधुसूदन आर्य द्वारा डॉ. अर्जुन कटारिया का फूलमाला पहनाकर सम्मान किया तथा आर्य समाज छात्रावास में निवासरत छात्र शिशुपालसिंह डांगी द्वारा सीए की परीक्षा पास करने पर इनका भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आर्य समाजजन, वैदिक विद्यालय के स्टॉफ व बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती राधा नागर ने किया एवं आभार वैदिक विद्यालय के अध्यक्ष श्री प्रमोद गुप्ता ने व्यक्त किया। कार्यक्रम पश्चात् बच्चों को मिठाई वितरित की गई।

# पोर्टल ने नहीं दिया साथ, मियाद पूरी, नहीं कर पाए ज्वाइन

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** पोर्टल नहीं चलने के कारण कई शिक्षक उच्च पदभार नहीं ले पाए हैं। करीब एक साल पहले प्राथमिक से माध्यमिक, माध्यमिक से उच्च माध्यमिक, प्रधानाध्यापक से व्याख्याता और प्रधानाध्यापक से हाईस्कूल प्राचार्य के लिए काउंसलिंग की गई थी। 6 अगस्त को उच्च पदभार की सूची जारी हुई है। इसके बाद भी शिक्षक न ज्वाइन कर पा रहे और ना ही रिलीव हो पाए।

काउंसिलिंग सितंबर 2023 में हुई थी। 6 अगस्त को आदेश जारी हुए। उच्च पदभार के लिए शिक्षकों को दिए गए आदेश में स्पष्ट लिखा था कि 7 दिन में ज्वाइन करना है। ज्वाइनिंग और रिलीविंग एजुकेशन पोर्टल के जरिए ऑनलाइन ही होना थी। पोर्टल ही नहीं चलने से ज्वाइनिंग अटक गई है। शिक्षकों ने इसकी शिकायत भी अधिकारियों से की। अधिकारियों ने भी तकनीकी कारणों से पोर्टल नहीं चलना बताया।

**अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति पर भी असर**–उच्च पदभार पर शिक्षकों की नियुक्ति और रिलीविंग नहीं होने का असर अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति पर भी हो रहा है। पोर्टल पर पद ही खाली नजर नहीं आ रहे हैं। इससे अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति भी नहीं हो पा रही है। रिलीविंग और नियुक्ति हो तो पद खाली होंगे और अतिथि शिक्षकों की भी नियुक्ति हो सकेगी।

# नि:युद्ध गुरुकुल मंदसौर के खिलाड़ी मनित्व ने 2 स्वर्ण और श्रीवाली ने 2 रजत पदक जीते

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नियुद्ध गुरुकुल और नियुद्ध एयरगन एवं आर्चरी एसोसिएशन मन्दसौर के खिलाड़ी मनित्वसिंह रावत और श्रीवाली श्रीवास्तव ने मंदसौर जिले का नाम रोशन किया। दोनों खिलाड़ीयो ने शॉटगन एवं राइफल शूटिंग खेल की अलग-अलग विधाओं में महू में आयोजीत हुई मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप 2024 में मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी भोपाल का प्रतिनिधित्व करते हुए मनित्व सिंह रावत ने शॉटगन शूटिंग खेल में जूनियर और सीनियर दोनों इवेंट में 2 स्वर्ण पदक जीते और श्रीवाली श्रीवास्तव ने 25



मीटर .22 राइफल शूटिंग खेल की दो विधाओं में 2 रजत पदक जीते। अब इन दोनों निशानेबाजों का अगला लक्ष्य 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में शामिल होकर मेडल जीतना है।

मनित्व और श्रीवाली की इस उपलब्धि पर वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के संस्थापक श्री नरेन्द्र श्रीवास्तव, नियुद्ध एयरगन एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र अग्रवाल, जिला खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी श्री विजेंद्र देवड़ा, वर्ल्ड नियुद्ध फेडरेशन के समस्त वरिष्ठप्रशिक्षकगण एवं नियुद्ध एयरगन एवं आर्चरी स्पोर्ट्स एसोसिएशन मंदसौर प्रशिक्षक नियुद्ध गुरू प्रवीण भंडारी, नियुद्ध गुरू अजय सिंह चौहान, सन्नी घोडेला, आदित्य सुरा और सभी नियुद्ध गुरू, पदाधिकारी एवं सदस्यगण की और से मनित्व और श्रीवाली को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# स्वतंत्रता दिवस पर सीए मंदसौर ब्रांच में किया झंडावंदन

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** जब हम अपने कार्यो में राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करते हैं तो हमें दुगुनी सफलता मिलती है और राष्ट्र भी प्रगति के राह पर तेजी से आगे बढ़ता है।

हम उस प्रोफेशन में कार्य कर रहे हैं जहाँ हमारे हस्ताक्षर पर प्रत्येक राष्ट्रवासी विश्वास करता है। हमारा यही प्रयास होना चाहिए कि हम जिस दस्तावेज पर हस्ताक्षर करें, उसमें कानून का पूर्ण परिपालन हुआ हो। उक्त विचार मंदसौर सीए ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंदसौर ब्रांच में आयोजित झंडावंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयकर अधिकारी श्री संजीव कुमार मलिक ने कहा कि हमारे देश को स्वतंत्रता दिलाने के लिये अनेक वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया है। उनके बलिदानों का सम्मान करते हुए हमें देश को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने के लिये हरसंभव प्रयास करना चाहिये। जैन महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष व समाजसेवी श्री गजराज जैन ने अपने संबोधन में सभी उपस्थित सदस्यों से राष्ट्र की प्रगति की दिशा में कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम को मंदसौर ब्रांच के उपाध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया व पूर्व अध्यक्ष सीए विरेन्द्र जैन ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन मन्दसौर ब्रांच के सचिव सीए विकास भंडारी ने किया। इस अवसर पर मन्दसौर ब्रांच के सदस्य, उनके परिवारजन व सीए विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खनिज विभाग ने की कार्यवाही तीन डम्पर जप्त

**नीमच, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशानुसार गुरूवार की देर रात तक खनिज अधिकारी श्री मो.आरिफ खान एवं सहा.खनि अधिकारी गजेन्द्र डावर द्वारा रामपुरा एवं मनासा क्षैत्र में गिट्टी खनिज का अवैध परिवहन करते हुए तीन डम्पर क्र.एम.पी.44 जी.ए.2048, एम.पी.44.एच.ए.0775, आर.जे.09जी.सी.8650 जप्त किये गये है। इनमें से दो डम्पर, पुलिस थाना रामपुरा एवं एक डम्पर को पुलिस थाना मनासा की अभिरक्षा में दिया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया, कि खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।



# स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** अभिभाषक संघ मुख्यालय न्यायालय परिसर मंदसौर स्थित बार भवन पर 78वां स्वतंत्रता दिवस प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय श्री कपिल मेहता एवं सभी सम्माननीय न्यायाधीशगण व जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह पंवार व जिला अभिभाषक संघ के पदाधिकारी गण वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण, मातृशक्ति, अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण के साथ सैनिकों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की सलामी एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् गान के साथ पूर्ण हर्षोल्लास एवं,सांस्कृतिक कार्यक्रम कविता पाठ व बांसुरी की सुमधुर प्रस्तुति के पश्चात स्वल्पाहार के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन में अध्यक्ष श्री पंवार ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की एवं मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश श्री मेहता ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की एवं कहा कि नागरिकों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करने के लिए सजग रहना चाहिए। मुख्य वक्ता श्री दशरथ सिंह झाला अधिवक्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी भारत के नागरिकों को अपने देश के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने कर्म में राष्ट्र प्रथम के ध्येय वाक्य को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला अभिभाषक संघ के सचिव श्री प्रवीण जैन ने किया एवं कार्यक्रम का आभार जिला अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार मरच्या ने व्यक्त किया।



## आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री साँई पब्लिक स्कूल, दलौदा में आज़ादी की 78 वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। ध्वजारोहण के साथ शुरू हुए कार्यक्रम के पश्चात वीर शहीदों की कुर्बानी को सभी ने नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, विशेष अतिथि प्रभात किरण के प्रधान संपादक श्री कोमलसिंह तोमर एवं श्री साई पब्लिक स्कूल, दलौदा के पूर्व विद्यार्थी डॉ. शशांक भावसार उपस्थित रहे।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमने जो आजादी पाई, उसमें कई शहीदों ने कुर्बानी दी है और इस आजाद भारत का हमें मूल्य समझना चाहिए एवं इस आजादी को सही मायने में शाश्वत करना चाहिए। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसमें जलियांवाला बाग हत्याकांड का जीवंत चित्रण मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर संस्था संचालक श्री मोहसिन अख्तर एवं प्राचार्य श्री अतुल कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे एवं उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वतंत्र भारत के मूल्य की महत्ता समझाते हुए इस आजादी को शाश्वत बनाए रखने के लिए सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया एवं सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका परिषद मंदसौर के द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसके अंतर्गत कल शुक्रवार को वार्ड नं. 18 कालाखेत स्थित स्व. श्री बद्रीलाल सांखला उद्यान में पौधरोपण किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने उद्यान शाखा सभापति श्री रमेश ग्वाला, क्षेत्रीय पार्शद व नपा सभापति श्रीमती शांति दिनेश फरक्या की गरिमामय उपस्थिति में क्षेत्र के नागरिकों के साथ पौधरोपण किया। इस अवसर पर नपा सभापति सत्यनारायण भांभी, पार्षद कमलेश सिसौदिया, गोवर्धन कुमावत, बब्बू भाई खानपुरा, नरेन्द्र बंधवार, पार्षद प्रतिनिधि अमन फरक्या, समाजसेवी दिनेश फरक्या, दिनेश जैन नगरीवाला, सचिन जैन नगरीवाला, अनिल द्विवेदी, उपेन्द्र भारभाया, सौरभ जै, पूजा गुजराती, निशा शर्मा, नेहा जैन, ललिता राठौर, प्रतिभा पटेल, नपा उद्यान शाखा लिपिक राजेन्द्र नीमा, नपा कर्मचारी विक्रम गायरी, उत्तमसिंह ने भी पौधरोपण किया। इस अवसर पर क्षेत्र के नागरिकों ने नपाध्यक्ष व क्षेत्रीय पार्षद का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया।



# इसरो ने फिर रचा इतिहास, धरती की निगरानी के लिए ईओएस-8 का हुआ प्रक्षेपण

**नई दिल्ली, 16 अगस्त।** धरती की निगरानी के लिए ईओएस-8 को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शुक्रवार सुबह सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इस रॉकेट के अंदर नया अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट एजड-8 लॉन्च किया गया है। एक छोटा सैटेलाइट ड्ठ-0 ऊ्एचजड्अढ भी पैसेंजर सैटेलाइट भी रॉकेट से साथ भेजा गया है। दोनों सैटेलाइट्स धरती से 475 ज्ञा की ऊंचाई पर एक गोलाकार ऑर्बिट में चक्कर लगाएंगे।

एसएसएलवी-डी3-ईओएस-08 मिशन में ले जाए गए उपग्रहों का वजन 175.5 किलोग्राम है। ईओएस-08 मिशन के उद्देश्यों में माइक्रोसेटेलाइट को डिजाइन और विकसित करना शामिल है। ईओएस-08 में तीन पेलोड लगे हैं।इनमें इलेक्ट्रो आप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड (ईओआइआर), ग्लोबल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (जीएनएसएस-आर) और सीआइसी यूवी डोसीमीटर शामिल हैं। ईओआइआर पेलोड को उपग्रह आधारित निगरानी, आपदा निगरानी, पर्यावरण निगरानी के लिए तस्वीरें खींचने के लिए डिजाइन किया गया है। जीएनएसएस-आर समुद्र की सतह की हवा का विश्लेषण, मिट्टी की नमी का आकलन, बाढ़ का पता लगाने के लिए रिमोट सेंसिंग क्षमता प्रदर्शित करेगा। एसआइसी यूवी डोसीमीटर गगनयान मिशन में पराबैंगनी विकिरण की निगरानी करेगा। एसआइसी यूवी डोसीमीटर गगनयान मिशन में पराबैंगनी विकिरण की निगरानी करेगा। इसरो लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उडान के जरिये पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-08 को प्रक्षेपित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह एसएसएलवी-डी3 की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान होगी।



दिनांक 17 अगस्त 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

भद्र नामक-पंचमहापुरुष योग



* किसी जातक की जन्म कुंडली में बुध ग्रह मिथुन या कन्या राशि का होकर केंद्र (विशेषकर दशम भाव)में बैठा हो तब भद्र नामक योग का निर्माण होता है। इस भद्र योग में जन्म लेने वाले जातक तीव्र बुद्धि वाले,शीतल,विद्वान और सुखी होते हैं।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 15 | 2415 | 2612 |
| उडद | 3 | 7501 | 7800 |
| सोयाबीन | 6200 | 3200 | 4300 |
| गैहु | 4600 | 2620 | 3266 |
| चना | 319 | 5000 | 7171 |
| मसुर | 239 | 5250 | 6040 |
| धनिया | 260 | 4852 | 6351 |
| लहसुन | 11800 | 8200 | 23700 |
| मैथी | 750 | 4700 | 5801 |
| अलसी | 1000 | 5350 | 5901 |
| सरसो | 350 | 4801 | 5241 |
| तारामीरा | 1 | 4300 | 4300 |
| इसबगोल | 80 | 8900 | 12400 |
| प्याज | 2000 | 1200 | 3540 |
| कलोंजी | 25 | 14951 | 17600 |
| डॉलर | 35 | 8653 | 13353 |
| तिल्ली | 180 | 10000 | 12181 |
| मटरसुखी | 4 | 4600 | 6667 |
| असालीया | 15 | 8501 | 10151 |

# क्या कॉलेजियम सिस्टम खत्म होगा..?

## सीजेआई चंद्रचूड़ के सामने न्यायिक सुधार पर पीएम मोदी का इशारा



**नई दिल्ली, 16 अगस्त।** क्या मोदी सरकार 3.0 कॉलेजियम सिस्टम को खत्म करने की दिशा में एक और प्रयास करेगी? नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, उसी वर्ष उन्होंने एनजेएसी एक्ट लाया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे निरस्त करके कॉलेजियम सिस्टम को बहाल रखा। अब पीएम ने न्यायिक सुधार पर फिर से जोर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के प्राचीर से न्यायिक व्यवस्था में सुधार की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने अपनी सरकार में रिफॉर्म्स पर किए कामों को बताया और कहा कि अब न्यायिक सुधार समय की मांग है। पीएम ने बताया कि देशवासियों से 'विकसित भारत 2047' पर राय मांगी गई तो लोगों ने दिल खोलकर अपने सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि इसी में एक सुझाव यह भी है कि देश में न्याय मिलने में बहुत देरी हो रही है जिसे दूर किए बिना विकसित भारत का संकल्प पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए न्याय व्यवस्था में सुधार की बहुत जरूरत है।

**पीएम ने कही यह बड़ी बात**–पीएम जब न्यायिक सुधार की बातें कर रहे थे तब सामने मेहमानों की कतार में देश के सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ बैठे थे। ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार के ज्यूडिशियिल रिफॉर्म के प्रयास को यह कहते हुए झटका दिया था कि उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया कॉलेजियम सिस्टम से ही होगी। सुप्रीम कोर्ट ने तब नेशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंटस कमीशन (छगअउ) को असंवैधानिक करार देते हुए इसे निरस्त कर दिया था।



**1993 का वो फैसला और कॉलेजियम सिस्टम की स्थापना**–दरअसल, वर्ष 1993 में न्यायिक नियुक्तों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नई व्यवस्था दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने तब 'कलेक्टिव विजडम' के सिद्धांत पर जोर देते हुए कॉलेजियम प्रणाली की स्थापना की थी। देश की सर्वोच्च अदालत ने 'एसपी गुप्ता बनाम भारत संघ' मामले में ऐतिहासिक निर्णय दिया, जिसने भारतीय न्यायपालिका की स्वतंत्रता को एक नई दिशा दी। एसपी गुप्ता बनाम भारत संघ केस को दूसरे जजों का मामला या सेकंड जजेज केस के नाम से भी जाना जाता है। इससे पहले, न्यायाधीशों की नियुक्ति में कार्यपालिका की भूमिका प्रमुख होती थी। राष्ट्रपति, मुख्य न्यायाधीश से परामर्श के बाद न्यायाधीशों की नियुक्ति किया करते थे।

**क्या हैं सामूहिक बुद्धिमत्ता का सिद्धांत**–सुप्रीम कोर्ट ने 1993 के फैसले में 'कलेक्टिव विजडम (सामूहिक बुद्धिमत्ता)' के सिद्धांत पर जोर दिया। इसका मतलब यह था कि न्यायाधीशों की नियुक्ति का निर्णय केवल मुख्य न्यायाधीश पर निर्भर न होकर, सर्वोच्च न्यायालय के अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीशों की सामूहिक सहमति पर आधारित होना चाहिए। इस फैसले के तहत कॉलेजियम सिस्टम की स्थापना की गई, जिसमें मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं। ये पांचों न्यायाधीश सामूहिक रूप से हाई कोर्टों और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति और प्रमोशन का निर्णय लेते हैं।

**2013 का आरसी लाहोटी केस और कॉलेजियम सिस्टम पर सवाल**–सुप्रीम कोर्ट में वर्ष 2013 के एक अन्य महत्वपूर्ण मामले में पूर्व मुख्य न्यायाधीश आरसी लाहोटी के समय के न्यायिक नियुक्तियों की प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए थे। तब कहा गया कि नियुक्तियों में पारदर्शिता का ख्याल नहीं रखा गया। तब सुप्रीम कोर्ट ने ही कहा कि कॉलेजियम सिस्टम में पारदर्शिता की कमी है जिसके कारण जजों की नियुक्ति प्रक्रिया की आलोचना हो रही है। तब शीर्ष अदालत ने यह सुझाव दिया कि कॉलेजियम के निर्णयों को अधिक पारदर्शी बनाया जाना चाहिए और नियुक्तियों के लिए अपनाई गई प्रक्रिया और मापदंडों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए ताकि जनता और न्यायपालिका के भीतर विश्वास बना रहे। इस फैसले के बाद न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए कुछ कदम उठाए गए। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर कॉलेजियम के निर्णयों को प्रकाशित करने की सिलसिला भी तभी से शुरू हुआ। हालांकि, पारदर्शिता की कमी की आलोचना अभी भी जारी रही।

**केंद्र में मोदी सरकार और एनजेएसी का गठन**–वर्ष 2014 में लोकसभा के चुनाव हुए और बीजेपी अकेले दम पर 282 सीटें ले आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। हालांकि, सरकार में कई साथी दल भी शामिल थे जिन्हें मिलाकर एनडीए कहा जाता है। मोदी सरकार ने 2014 में ही नैशनल ज्यूडिशियल अपॉइंटमेंटस कमीशन (छगअउ) एक्ट संसद से पारित करवा दिया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया और कॉलेजियम प्रणाली को बहाल रखा।

**और सुप्रीम कोर्ट ने एनजेएसी को कर दिया रद्द**–सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरकार के लाए एनजेएसी एक्ट को असंवैधानिक करार दे दिया। अदालत ने यह कहा कि एनजेएसी न्यायपालिका की स्वतंत्रता को खतरे में डालता है और इस प्रकार यह संविधान की 'मूल संरचना' का उल्लंघन करता है। इस फैसले के साथ, कॉलेजियम प्रणाली को फिर से बहाल हो गई। यह निर्णय न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखने के पक्ष में था, लेकिन इसने न्यायिक सुधारों की आवश्यकता पर एक नई बहस को जन्म दे दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह ज्यादा पारदर्शिता के पक्ष में है, लेकिन कार्यपालिका के बढ़ते दखल को बर्दाश्त नहीं कर सकता। इसलिए उसने कॉलेजियम सिस्टम को बरकरार रखने पर जोर दिया और कहा कि इस सिस्टम को ही और पारदर्शी बनाने के रास्ते सरकार तलाशे। हालांकि, इस फैसले ने न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच टकराव को और गहरा कर दिया।

**कॉलेजियम सिस्टम में दिक्कत क्या है..?**–कॉलेजियम प्रणाली की सबसे बड़ी आलोचना इसकी पारदर्शिता की कमी को लेकर होती है। हाई कोर्टों और सुप्रीम कोर्ट में जजों की अपॉइंटमेंट और प्रमोशन के फैसले की प्रक्रियाएं गोपनीय होती हैं और निर्णय लेने के मापदंड स्पष्ट रूप से सार्वजनिक नहीं किए जाते हैं। विरोधी आरोप लगाते हैं कि कॉलेजियम सिस्टम के जरिए मुट्ठीभर परिवारों को ही हाइयर जूडीशरी में जगह मिलती रहती है। उनका साफ आरोप है कि पक्षपात, भाई-भतीजावाद और निहित स्वार्थों की रक्षा के लिए कॉलेजियम सिस्टम को ढोया जा रहा है। जवाबदेही की कमी के कारण इसे 'स्व-नियुक्ति (सेल्फ अपॉइंटमेंट)' का मामला बताया जाता है, जिसमें न्यायपालिका का नियंत्रण सिर्फ न्यायपालिका के हाथ में होता है, जबकि लोकतांत्रिक ढांचे में किसी भी शाखा को पूर्ण स्वतंत्रता नहीं दी जानी चाहिए।

**सरकार और न्यायपालिका के बीच बड़ी फ्लैश पॉइंट**–कॉलेजियम सिस्टम के तहत, सरकार की भूमिका केवल कॉलेजियम की सिफारिशों को मंजूरी देने तक सीमित है, जिसके कारण सरकार और न्यायपालिका के बीच खींचतान पैदा होती है। यही वजह है कि कई विशेषज्ञ और न्यायविद कॉलेजियम सिस्टम में सुधार की मांग करते हैं। वो चाहते हैं कि जजों की नियुक्ति और प्रमोशन के सिस्टम में अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही, और प्रक्रियाओं में बाहरी निगरानी को शामिल किया जाए।

**आखिर क्या होना चाहिए..?**–इस विवाद का मूल प्रश्न यह है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए कॉलेजियम सिस्टम ही जरूरी है या इसे लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर कुछ हद तक नियंत्रण में रखा जाना चाहिए। इस प्रश्न के इर्द-गिर्द सरकार और न्यायपालिका के बीच एक सतत संघर्ष देखा जाता है, जो इस बात पर केंद्रित है कि न्यायपालिका की स्वायत्तता कितनी होनी चाहिए।

**क्या नए रूप में आएगा एनजेएसी..?**–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब लाल किले से न्यायिक सुधार की बात कर रहे थे तो उनका पूरा इशारा जजों की नियुक्ति को ज्यादा पारदर्शी बनाने की ओर ही था। संभव है कि आने वाले दिनों में इसके लिए कॉलेजियम सिस्टम की जगह एक नई व्यवस्था बनाने पर जोर दिया जाएगा। नई व्यवस्था में न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) की तरह का हो कोई सिस्टम तैयार किया जा सकता है। संभव है कि इस बार सुप्रीम कोर्ट की सहमति लेकर ही कॉलेजियम सिस्टम को खत्म करने या इसमें बड़े सुधार लाने का प्रयास हो।



## रक्षाबंधन नजदीक होने से बढ़ी लहसुन की आवक

### अव्यवस्थाओं के चलते परेशान हुए किसान, अचानक हुई बरसात से भीगी उपज, शेड के पास बाइक के रखने से नाराज हम्मालों ने बंद कराई नीलामी

**पिपलियामंडी, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रक्षाबंधन पर्व नजदीक होने से कृषि उपज मंडी में लहसुन की आवक जयादा होने से शुक्रवार को अव्यवस्था बढ़ गई। कुछ देर हुई बरसात से खुले रखे लहसुन के ढेर भीग गए, वहीं दूसरी ओर उपज लेकर आए किसानों की बाइक शेड के पास ही रखी होने से हम्मालों ने विरोध जताते हुए मंडी बंद करा दी, बाद में समझाइश के बाद मंडी चालू कर दी गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को मंडी में लहसुन की आवक अधिक होने से अव्यवस्था भी हुई। शेड में कुछ व्यापारियों की उपज पडी होने से किसानों ने उपज के ढेर सड़क पर ही खाली कर दिए। प्रात: 11 बजे करीब अचानक हुई मामूली बरसात से शेड के बाहर रखी उपज भीग गई, हालांकि किसानों ने उपज को पाल से ढक दिया, गनीमत रही बरसात कुछ देर बाद ही बंद हो गई। इधर दूसरी ओर बाइक से उपज लेकर आए किसानों ने बाइक को शेड के पास ही खड़ा कर दिया व लॉक कर चले गए, जिससे हम्माल आक्रोशित हो गए। हम्मालों का कहना था कि बाइक के शेड के पास खडे रहने से उपज तौल के बाद गोदाम तक नही पहुंचाई जा सकती। हम्मालों ने नीलामी बंद कर दी। सूचना पर पुलिस भी पहुंची, बाइक को हटवाकर समझाइश के बाद आधे घंटे बाद नीलामी चालू करवाई।

**ज्यादा उपज नही थी शेड में:**–मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष कृष्णकुमार भूत का कहना कुछ व्यापारियों का माल शेड में पडा है, माल ज्यादा भी नही है। शेड में पर्याप्त जगह थी, अपनी उपज की जल्दी नीलामी हो जाए, इस कारण किसान सड़क पर ही ढेर लगा देते है। रक्षाबंधन होने से आवक बहुत ज्यादा थी, इस कारण अव्यवस्था हुई। उपज गीली होने के बाद भी किसानों से खरीदी अच्छे भाव में की गई।

**ढक दी थी उपज, बाइक को हटवाकर चालू करवाई नीलामी:**–इधर मंडी इंस्पेक्टर कमलेश जैन का कहना है किसानों को खुले में उपज के ढेर लगाने के लिए मना किया जाता है, उसके बावजूद खुले में ढेर खाली कर दिए जाते है। कुछ देर बारिश हुई थी, किसानों ने पाल ढक दिए थे, इससे लहसुन ज्यादा गीली नही हुई। वहीं दूसरी ओर किसानों की बाइक शेड के पास रख देने से हम्मालों ने कुछ समय के लिए मंडी नीलामी बंद कर दी थी। समझाइश के बाद बाइक को हटवाकर मंडी चालू करवा दी गई थी।

### शहरवासी गाँधी चौराहा पर एकत्रित हो...

## जन आक्रोश प्रदर्शन आज..

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** कल 17 अगस्त शनिवार को नगरवासी बांग्लादेश में मानवता को शर्मसार करने वाली लोमहर्षक घटनाओं के खिलाफ जन आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। बंगलादेश में वहां के हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यकों के साथ क्रूर अत्याचार किया जा रहा है।दुनिया की अब तक की सबसे क्रूर ओर आतताई घटनाओं से भी ज्यादा अनाचार और पापाचार बंगलादेश में अल्पसंख्यकों से किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र, मानवाधिकार, दक्षिण एशिया के सात देशों का संगठन दक्षेस ये सभी मूक दर्शक बने हुए हैं।

इन अमानवीय कृत्यों के खिलाफ मंदसौर नगर वासी एक साथ एकत्र हो कर महामहिम राष्ट्रपति ओर माननीय प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार 17 अगस्त शनिवार को दोपहर बाद 3:30 बजे गांधी चौराहे पर एकत्रीकरण होगा।मानव श्रृंखला बना कर विरोध जताया जाएगा। कोर कमेटी के सर्वश्री समाजसेवी गुरुचरण बग्गा, चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष अभय डोसी, समाजसेवी हिम्मत डांगी, नरेन्द्र अग्रवाल, कन्हैयालाल सोनगरा, ब्रजेश जोशी,किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष शरद धींग, होटल हलवाई संघ के पुष्पेंद्र भावसार, सराफा व्यापारी उमेश पारिख, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष अर्जुन डाबर, संजय तरवेचा, राजेश गुजर, रत्नेश कुदार ,मेडिकल व्यवसाई मनोज चौधरी, आदि ने नगर के सभी नागरिक बंधुओं मातृ शक्ति,युवा ओर विद्यार्थी वर्ग समस्त संस्थाएं संगठन के प्रतिनिधि से अपील की गई है कि कृपया अधिक से अधिक संख्या में इस आक्रोश प्रदर्शन में शामिल हों।

### मामला डॉ संगतानी की कार में आग लगाने का...

## एक नामजद सहित तीन पर केस दर्ज

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** रामटेकरी स्थित डॉ भरत संगतानी के घर के बाहर खड़ी कार को बाइक सवार बदमाशों मंगलवार रात आग के हवाले कर दिया। इसका एक सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया। इस मामले में फिलहाल पुलिस को आरोपियों की तलाश है। इधर पुलिस ने नेहा होतवानी पिता देवीदास संगतानी की रिपोर्ट पर कमलेश पिता चंदर कुमार होतवानी निवासी दुबई और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अज्ञात आरोपियों की पहचान फिलहाल अभी तक नहीं हो पाई है। आपको बता दे कि आरोपी कमलेश होतवानी, डॉ संगतानी का रिश्तेदार है। इनमें पारिवारिक विवाद चल रह है। जो पहले भी थाने तक पहुंच चुका है।

## ढाबों और मीट मटन की दुकान पर दी दबिश

**नीमच, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका नीमच की टीम ने गुरुवार रात शहर के अलग-अलग स्थानों पर छापा मार कार्रवाई की है। नगर पालिका की टीम ने शहर में संचालित कई ढाबों और मीट मटन की दुकान पर छापा मारा। दरअसल स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को शासन द्वारा शहर में मांस मदिरा की सभी दुकानें बंद रखने का आदेश दिया गया था। बावजूद इसके कई दुकानदारों ने नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दुकानें ढाबे खोले।

नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी टीम ने शहर के पंजाबी तडका और पेंटर का ढाबा पर पहुंची। यहां बड़ी मात्रा में मटन जब्त कर चालान बनाया। इसी दौरान टीम रॉक्सी अंडा दुकान पर भी पहुंची। नियम का उल्लंघन करने की बात कही जिस पर दुकान संचालक की नगर पालिका की टीम से काफी देर तक बहस बाजी हुई। हालांकि दुकान संचालक की एक न चली और नगर पालिका की टीम ने दुकान पर चालानी कार्रवाई की और दुकान को बंद करवाया।इस छाप मार्ग कार्रवाई की टीम मे नगर पालिका के स्वास्थ्य इंस्पेक्टर दिनेश टांक, हेमंत कलोसिया, हिमांशु खाटरा सहित अन्य आधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### श्रावणी कर्म का आयोजन ब्रह्मेश्वर घाट पर 19 को होगा

**मंदसौर, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जनकूपुरा पंचायत के तत्वावधान में प्रति वर्षानुसार 19 अगस्त सोमवार को श्रावणी पूर्णिमा पर श्रावणी कर्म का आयोजन पं.श्री रमेशचंद्र उपाध्याय के आचार्यत्व में प्रात: 11 बजे ब्रम्हणेश्वर घाट पशुपति नाथ मंदिर के सामने आयोजित किया गया है। ये जानकारी समाज अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा और सचिव सुरेंद्र त्रिवेदी ने दी है। स्वजाति बंधुओं से अनुरोध किया गया है कि अपने साथ आसन, पंचपात्र,थाली, लौटा, आचमनी,धोती, पुष्प,धूप बत्ती, जनेऊ, ऋषि पूजन सामग्री आदि अपनी सुविधा अनुसार साथ लावे।

### सड़क हादसे में एक की मौत, 5 घायल

**नीमच, 16 अगस्त गुरु एक्सप्रेस।** महू-नसीराबाद हाईवे पर गांव सगराम की पुलिया के समीप दो बाइक की भिड़ंत में पांच लोग घायल हो गए। इनमें से बाद में एक व्यक्ति ने दम तोड दिया, जिसका शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ।

लोकेश पिता कैलाश मेघवाल (27) निवासी धामनियां की बाइक की टक्कर सामने से आ रही दूसरी बाइक से हो गई थी। हादसे में लोकेश की मौत हो गई। हादसे में घायल बाइक सवार सोहेल पिता मोहम्मद हुसैन निवासी अहमदाबाद गुजरात, सिद्दीक पिता मोहम्मद रफीक निवासी भीलवाड़ा राजस्थान, रशीद पिता आमीन निवासी भीलवाड़ा राजस्थान और लोकेश के साथ बैठे बाइक सवार मुकुल शर्मा पिता गोपाल शर्मा निवासी सोकडी नीमच की हालत गंभीर है।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भूखण्ड क्रमांक MIG.JR-35 श्रीमती सुनीता डबकरा पति श्री सुनील डबकरा को मंडल आदेश क्रमांक 375 दिनांक 20.03.2017 द्वारा आवंटित किया गया था। इनके द्वारा भूखण्ड का पट्टाभिलेख दिनांक 26.10.2017 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। इनके द्वारा भूखण्ड का विक्रय श्रीमती टमा सूर्यवंशी पति श्री जवाहर लाल सुनार्थी के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 21.03.2024 को निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रयपत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भूखण्ड का नामांतरण श्रीमती टमा सूर्यवंशी पति श्री जवाहर लाल सुनार्थी अपने नाम करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखण्ड क्रमांक MIG.JR-35 गाँधी नगर मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती टमा सूर्यवंशी पति श्री जवाहर लाल सुनार्थी के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भूखण्ड क्रमांक LII-127 श्री जगदीश चन्द्र पाटीदार पिता श्री राधाकृष्ण पाटीदार को मण्डल आदेश क्रमांक 8890 दिनांक 20.12.1986 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भूखण्ड का पट्टाभिलेख दिनांक 16.06.1998 को निष्पादित करवाया गया था। श्री जगदीश चन्द्र पाटीदार पिता श्री राधाकृष्ण पाटीदार द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्रीमती ज्योति जोशी पति श्री जयवल्लभ जोशी को कर विक्रय पत्र दिनांक 13.01.2011 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्रीमती ज्योति जोशी पति श्री जयवल्लभ जोशी अपने नाम करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखण्ड का नामांतरण श्रीमती ज्योति जोशी पति श्री जयवल्लभ जोशी के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)**



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम**
**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गांधीनगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG III 148 श्री राधेश्याम डोरिया पिता भंवरलाल डोरिया को मण्डल आदेश क्रमांक 2549 दिनांक 25.03.2004 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख 29.10.2004 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। श्री राधेश्याम डोरिया पिता भंवरलाल डोरिया का स्वर्गवास दिनांक 21.01.2017 को हो जाने से इनकी पत्नी श्रीमती शांताबाई डोरिया पति स्व. श्री राधेश्याम डोरिया विक्रय पत्र में नामजदगी एवं पत्नी होने के नाते भवन का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे, समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक MIG III 148 का नामान्तरण श्रीमती शांताबाई डोरिया पति स्व. श्री राधेश्याम डोरिया के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग–रतलाम (मप्र)**



**कार्यालय पंजीयन प्राधिकरण एवं अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**
क्रमांक–  मंदसौर, दिनांक–

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीपेश देवड़ा पिता राधेश्याम देवड़ा राज्य कर्मचारी आवास मेघदूत नगर मंदसौर आधार कार्ड के अनुसार मेरा नाम ड्रायविंग लायसेंस में परिवर्तन कर परिवर्तन करवाना चाहता हूं।

इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो तो वो विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा व नाम परिवर्तन कर दिया जावेगा।

| गलत नाम | सही नाम |
| --- | --- |
| DIPESH DEVDA S/o RADHESHYAM JI | DEEPESH DEVRA S/o RADHESHYAM DEVRA |

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर



**भानुप्रताप सिंह सिसौदिया, एडवोकेट**
कार्यालय–घटावदा हाउस नयापुरा रोड मंदसौर, मो.–91–8224049381

******* जाहिर सूचना *******

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन क्रमांक 76 (पूराने भवन क्रमांक 64/8) बार्ड नं. 35 नरसिंहपुरा नयागांव मंदसौर तहसील व जिला मंदसौर में स्थित होकर इसका कुल क्षेत्रफल 500 वर्गफीट है। यह संपत्ति श्री शोभाराम पिता परमानंद कुमावत के मालकी की होकर इनके द्वारा श्री भेरूलाल पिता खुदचंद कुमावत से जरिये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक अ– 1/3839 दिनांक 20.01.1989 को क्रय की गई, तथा में नगरपालिका मंदसौर में इनके नाम पर नामांतरण होकर इनके एकमात्र स्वामित्व व आधिपत्य की है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में–रास्ता, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में रास्ता तथा दक्षिण में दुर्गामल का मकान है। यदि उक्त संपत्ति किसी भी संस्था शासकीय या अशासकीय विभाग, बैंक या अन्य किसी संस्था या किसी व्यक्ति के पास किसी लेख के द्वारा रहन, बय, बख्शीष, कुर्की जमानत आदि में बंधक हो या कोई पारिवारिक विवाद हो या न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में विधिवत आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि पश्चात किसी की भी किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा उक्त संपत्ति पर मेरी पक्षकार संस्था इंडसइंड बैंक लिमिटेड द्वारा इस पर ऋण स्वीकृत किया जावेगा। सो सूचित हो।

दिनांक 13.08.2024

भवदीय
एडवोकेट भानुप्रताप सिंह सिसोदिया
मो.–91–8224049381



**कार्यालय जनपद पंचायत मंदसौर, जिला मंदसौर (म.प्र)**
Phone Number 07422-223039, E-mail jpmandsaur-mp@nic.in. JP_mds2008@rediffmail.com
क्रमांक / 2914 लेखा/स्था/2024  मंदसौर, दिनांक 13/08/2024

**:: हड्डी ठेका नीलामी विज्ञप्ति ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत मंदसौर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम में मृत मवेशियों की हड्डियों का ठेका वर्ष 2024-25 का दिया जाना है। संबंधित इच्छुक व्यक्ति आवेदन दिनांक 31.08.2024 को समय दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते है। आवेदनकर्ता दिनांक 05.09.2024 को प्रातः 01.00 बजे से बोली लगाने की कार्यवाही में भाग ले सकते है।

रु. 50,000/- (पचार हजार मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट, अधोहस्ताक्षरकर्ता के नाम आर्नेस्ट मनी दिनांक 31.08.2024 तक जमा कराना अनिवार्य है। आर्नेस्ट मनी जमा करने वाले व्यक्ति ही बोली में शामिल किया जा सकेगा।

अन्य शर्ते कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत मंदसौर (म.प्र.)



**॥ सत्राहवीं पुण्यतिथि ॥**





**श्रीमती धापुबाई बालाराम चिचानी**

(स्वर्गवास- 17 अगस्त 2007)

की पुण्यतिथि पर

**हार्दिक श्रद्धांजलि**

**** श्रद्धावनत् ****

पुत्र – ओमप्रकाश, सत्यनारायण, महेश, संजय, कमल चिचानी, पौत्र – संदेश कुमार, आयुष चिचानी (केशव)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in